University in News on 30 April 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

31 स्क्रीनों से रखेंगे 263 परीक्षा केंद्रों पर नजर

लखनऊ विवि में आज से शुरू हो रहीं सम सेमेस्टर की परीक्षाएं, कुलपति करेंगे कंट्रोल रूम का उद्घाटन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से शुरू हो रहीं सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की निगरानी को लेकर परीक्षा विभाग ने बड़े पैमाने पर तैयारी की है। लविवि समेत सहयुक्त जिलों के संबद्ध महाविद्यालयों में बनाए गए 263 परीक्षा केंद्रों पर 31 कंप्यूटर स्क्रीनों से नजर रखी जाएगी। इसके लिए परीक्षा भवन के तीसरे तल पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक राय मंगलवार को इसका उद्घाटन भी करेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हो रहीं सम सेमेस्टर की परीक्षाओं को लेकर कुलानुशासक कार्यालय की ओर से भी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के 263 परीक्षा केंद्रों पर विश्वविद्यालय पहली बार तीन पालियों में परीक्षा कराने जा रहा है। अभी तक सिर्फ दो पालियों में ही परीक्षाएं होती थीं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कंप्यूटर स्क्रीनों से होगी परीक्षा केंद्रों की निगरानी। संवाद

नकलविहीन परीक्षाएं कराने को लेकर शासन स्तर से परीक्षा केंद्रों की 24 घंटे वेबकास्टिंग कराने के निर्देश हैं। कंट्रोल रूम की स्थापना से इसे पूरा करने में काफी हद तक सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही अधिकारी कहीं से भी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी कर सकेंगे।

पैनी नजर रखेंगे उड़ाका दल : परीक्षा केंद्रों पर नकल को रोकने के लिए प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने उड़ाका दल की दस से अधिक टीमों का गठन किया है। जो परीक्षा केंद्रों पर पैनी नजर रखेंगे।

3.5 लाख से अधिक विद्यार्थी देंगे परीक्षा : परीक्षा विभाग के मुताबिक, स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा में पांचों जिलों में साढ़े तीन लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जो परीक्षाएं देंगे। पहले दिन बीए एनईपी दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर और बीएससी होम साइंस दूसरे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी।

ओएमआर शीट पर परीक्षा

सम सेमेस्टर परीक्षाएं एमसीक्यू आधारित होंगी। इसके लिए परीक्षार्थी ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा देंगे। प्रश्नपत्र में सौ प्रश्न होंगे, इसमें 75 के उत्तर देने होंगे। इसके लिए विद्यार्थी को 90 मिनट का समय दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा में गेट नंबर एक, तीन और सात से प्रवेश मिलेगा।

लिखकर प्रोजेक्ट जमा करें

लखनऊ। लविवि में स्नातक छठे सेमेस्टर के विद्यार्थी अब हाथ से लिखा माइनर प्रोजेक्ट जमा कर सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक ने सोमवार को इस संबंध में संशोधित आदेश जारी किया। यह आदेश सिर्फ वर्तमान सत्र के लिए लागू होगा। बीते दिनों परीक्षा विभाग ने एक आदेश जारी करते हुए स्नातक छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को 60 पन्ने का टाइप्ड असाइनमेंट जमा करने का आदेश दिया था। छात्र-छात्राओं ने इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन किया था। (संवाद)

एलएलबी और बीकॉम के परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि ने सम सेमेस्टर परीक्षा के मद्देनजर सोमवार को कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। विश्वविद्यालय ने चौक स्थित कालीचरण पीजी कॉलेज को बीएजेएमसी कोर्स का परीक्षा केंद्र बनाया है।

कालीचरण कॉलेज बना बीएजेएमसी का परीक्षा केंद्र

परीक्षा विभाग ने जिन विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है उनमें एलएलबी व बीकॉम पाठ्यक्रम शामिल हैं। सभी कॉलेजों में पढ़ने वाले बीएजेएमसी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की परीक्षा कालीचरण पीजी कॉलेज में होगी। परीक्षा कार्यक्रम में बीकॉम दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की 27 मई से 13 जून व छठे की परीक्षाएं 24 मई से 18 जून के बीच होंगी। एलएलबी की परीक्षाएं 24 मई से शुरू होकर 11 जून तक चलेंगी। (संवाद)

NBT PAGE 4

LLB की परीक्षा 22 मई से

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊः एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स में दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 24 मई से शुरू होंगी। एलएलबी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 22 मई से होंगी। एलएलबी छठे सेमेस्टर की परीक्षा 24 मई से होंगी। वहीं एलएलबी इंट्रीगेटेड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 22 मई, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 24 मई,छठे सेमेस्टर की परीक्षा 24 मई और 10वें सेमेस्टर की परीक्षा 22 मई से शुरू हो रहीं हैं। विस्तृत कार्यक्रम स्टूडेंट एलयू की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

माइनर प्रॉजेक्ट अब हाथ से लिखकर भी कर सकते हैं जमा

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊः एलयू में यूजी छठे सेमेस्टर में माइनर प्रॉजेक्ट अब हाथ से लिख कर जमा करने की छूट भी दे दी गई है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। एलयू में पहले आदेश जारी किया गया था कि स्नातक में माइनर प्रॉजेक्ट में टाइप्ड प्रॉजेक्ट जमा करने के निर्देश जारी किए थे। इस बात का विरोध लुआक्टा और एबीवीपी ने किया था। शिक्षकों और स्टूडेंट्स को सुझाव को देखते हुए परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने नया आदेश जारी किया है। स्नातक में माइनर प्रॉजेक्ट मुद्रित और हस्तलिखित जमा किया जा सकता है।

HINDUSTAN PAGE 6

छात्राएं बोलीं: एलयू हमेशा हमारे दिलों में रहेगा

विदाई

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के तिलक छात्रावास में अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई देने के लिए 'आह्लादिनी: द फेस्ट' का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति की पत्नी संगीता राय रहीं।

उन्होंने कहा कि छात्रावासों में जो दोस्त बनते हैं वह जीवन के अंत तक याद रहते हैं। कार्यक्रम में छात्रा अपर्णा ने नैना, अभी मुझ में कभी जैसे गीत गए। छात्राओं ने कहा कि हमारे दिलों में हमेशा यूनिवर्सिटी रहेगी। कई छात्राओं ने अपने अनुभव भी साझा किए। बनारस से आई एक छात्रा ने बताया कि मैं जब बनारस से लखनऊ आई थी तब यह शहर मुझे बिल्कुल नहीं पसंद था। आज मुझे यहां सब पता है। लखनऊ के लोग, बोली और पहनावा सबसे खास है। इस दौरान प्रवोस्ट डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज ने छात्राओं से कहा कि जीवन में हमेशा सकारात्मक रहें। कभी पीछे मुड़कर न देखें। साथ ही जिंदगी में जो अच्छे लोग मिलें उन्हें ही अपनी दौलत समझें। इसके बाद छात्राओं ने ग्रुप डांस किया।

इस मौके पर डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. मोनेन्द्र अग्निहोत्री और सहायक प्रवोस्ट डॉ. शालिनी पाठक समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

■ एलयू में आह्लादिनी: द फेस्ट' का आयोजन किया गया

अंशिका मिस फेयरवेल

प्रवोस्ट डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज ने बताया कि कई राउंड की प्रतियोगिताओं के बाद छात्राओं को तमगा प्रदान किया गया। स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा अंशिका मिश्रा को मिस फेयरवेल, ईशा चौरसिया को मिस ब्यूटीफुल, पल्लवी शॉ को मिस पॉपुलर और मिस मॉडल का खिताब ऋषिका पांडेय को मिला।

एलयू के तिलक छात्रावास में छात्राओं को विदाई देने के लिए आयोजन हुआ।

i-NEXT PAGE 3

एलएलबी के एग्जाम 22 मई से होंगे शुरू

एलयू की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं परीक्षा कार्यक्रम

LUCKNOW (29 APRIL): लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी आनर्स और इंटीग्रेटेड परीक्षाओं का कार्यक्रम सोमवार को जारी कर दिया. परीक्षाएं 22 मई से होंगी. स्टूडेंट्स विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से इसे डाउनलोड कर सकते हैं.

किस दिन कौन सा एग्जाम

एलएलबी (इंटीग्रेटेड) दूसरे सेमेस्टर (ओल्ड, न्यू कोर्स रेगुलर, एग्जेम्प्टेड, बैक पेपर) और ओल्ड कोर्स, एग्जेम्प्टेड और बैक पेपर की परीक्षाएं 22 मई से 11 जून, चौथे सेमेस्टर (न्यू, ओल्ड कोर्स रेगुलर, एग्जेप्टेड, बैक पेपर) की परीक्षाएं 24 मई से 12 जून को होगी। इसके छठे सेमेस्टर (न्यू कोर्स, रेगुलर, एग्जेप्टेड, बैक पेपर) और ओल्ड कोर्स एग्जेप्टेड और बैक पेपर की परीक्षा 24 मई से 12 जून, एलएलबी आनर्स 10वें सेमेस्टर न्यू एंड ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 22 मई से 11 जून, आठवें सेमेस्टर की 22 मई से आठ जून तक होंगी।

एलएलबी तीन वर्षीय : एलएलबी तीन वर्षीय दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 मई से 10 जून तक, ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 24 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से आठ जून, ओल्ड कोर्स की परीक्षा 22 मई से 11 जून, छठे सेमेस्टर की परीक्षा के दूसरे, चौथे, छठे और आठवें सेमेस्टर की परीक्षा 22 मई से 12 जून तक होगी। वहीं बीकॉम ऑनर्स की परीक्षाएं 22 से 18 जून तक होंगी।

i-NEXT PAGE 3

बीकाम आनर्स की परीक्षाएं 22 से शुरू

LUCKNOW (29 APRIL): लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीकाम आनर्स सम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी भी जारी कर दी गई. दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की 27 मई से 13 जून और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 मई से 18 जून तक होंगी. वहीं, डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में छूटे हुए विद्यार्थियों की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं एक मई को होंगी.

खुद बने बादशाह, बनवाया बादशाहबाग

नाम में बहुत कुछ रखा है

LUCKNOW (29 April): नवाबी नगरी लखनऊ को बागों का शहर भी कहा जाता है क्योंकि यहां के नवाबों द्वारा एक से बढ़कर एक बागों की नींव रखी गई है. कभी यहां के बादशाहबाग की अपनी अलग शान और रौनक हुआ करती है. आज उसी स्थान पर लखनऊ यूनिवर्सिटी बनी हुई है. यहां आज भी इसकी निशानियां देखी जा सकती हैं.

और नाम पड़ा बादशाहबाग

इतिहासकार रवि भट्ट के मुताबिक आज की जो लखनऊ यूनिवर्सिटी बसी है, वहां टीचर के मकान का एक्सेस बादशहबाग लिखा हुआ है. यहां पहले एक विशाल बादशाहबाग हुआ करता था. जिसका निर्माण अवध का सातवें शासन गाजीउद्दीन हैदर ने शुरू करवाया था. उनका शासन काल सन 1814-27 तक रहा. इसके बाद उनके लड़के नसीरउद्दीन हैदर ने इसे पूरा करवाया. जिनका शासन 1827-1837 तक रहा.

खुद को बादशाह घोषित किया

चूंकि, नवाब गाजीउद्दीन ने खुद को बादशाह घोषित करवा दिया था. इसलिए इसका नाम भी बादशहबाग पड़ गया. उस दौर में यह अपने आप में खूबसूरत बाग हुआ करता था. आज के टीचर लखझेरी के सामने नहर और पेड़ावाला इसी की निशानी है. कुछ इतिहासकार इसकी कीमत 35 लाख तो कुछ 53 लाख बताते हैं. वहीं, बाद में अंग्रेजों ने इसको 35 हजार में बेच दिया था.

बीजेएमसी परीक्षाएं छह केंद्रों पर होंगी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा-2024 के तहत बीए (जेएमसी) का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलयू से जुड़े 10 कॉलेजों में बीए जेएमसी कार्यक्रम संचालित है। जिसके लिए कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार बता दें कि इसमें कालीचरण, रजत पीजी, गोयल, मॉर्डन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और लाला महादेव कॉलेज के नाम शामिल हैं।

एलएलबी, बीकॉम ऑनर्स की परीक्षाएं 22 से होंगी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा-2024 के मद्देनजर एलएलबी तीन वर्षीय, बीकॉम ऑनर्स और एलएलबी ऑनर्स का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलएलबी तीन वर्षीय एनईपी व ओल्ड रेगुलर, एग्जेप्टेड और बैक पेपर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। एलएलबी तीन वर्षीय दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 24 मई से 10 जून, चतुर्थ 22 से आठ जून और छठे सेमेस्टर की परीक्षा 24 से सात जून तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह एलएलबी ऑनर्स ओल्ड व न्यू कोर्स के दूसरे, चौथे, छठे और आठवें सेमेस्टर की परीक्षा 22 मई से 12 जून तक होगी। वहीं बीकॉम ऑनर्स की परीक्षाएं 22 से 18 जून तक होंगी।

सुविधा: अब लिखकर भी जमा कर सकेंगे प्रॉजेक्ट

एलयू में यूजी छठे सेमेस्टर में माइनर प्रॉजेक्ट अब हाथ से लिख कर जमा करने की छूट भी दे दी गई है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। एलयू में पहले आदेश जारी किया गया था कि स्नातक में माइनर प्रॉजेक्ट में टाइप्ड प्रॉजेक्ट जमा करने के निर्देश जारी किए थे।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : एलएलबी की परीक्षाएं 22 से, कार्यक्रम जारी

विद्यार्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं परीक्षा कार्यक्रम

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एल.एल.बी आनर्स और इंटीग्रेटेड परीक्षाओं का कार्यक्रम सोमवार को जारी कर दिया। इन परीक्षाओं की शुरुआत 22 मई से होगी। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

एल.एल.बी (इंटीग्रेटेड) दूसरे सेमेस्टर (ओल्ड, न्यू कोर्स रेगुलर, एग्जेम्प्टेड, बैक पेपर) और ओल्ड कोर्स, एग्जेम्प्टेड और बैक पेपर की परीक्षाएं 22 मई से 11 जून, चौथे सेमेस्टर (न्यू, ओल्ड कोर्स रेगुलर, एग्जेप्टेड, बैक पेपर) की परीक्षाएं 24 मई से 12 जून को होगी। इसके छठे सेमेस्टर (न्यू कोर्स, रेगुलर, एग्जेप्टेड, बैक पेपर) और ओल्ड कोर्स एग्जेप्टेड, बैक पेपर की परीक्षा 24 मई से 12 जून, एल.एल.बी आनर्स 10वें सेमेस्टर न्यू एंड ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 22 मई से तीन जून, आठवें सेमेस्टर की 22 मई से आठ जून तक होंगी।

एलएलबी तीन वर्षीय : एल.एल.बी तीन वर्षीय दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 मई से 10 जून तक, ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 24 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से आठ जून, ओल्ड कोर्स की परीक्षा 22 मई से 11 जून, छठे सेमेस्टर की परीक्षा 24 मई से सात जून तक होगी। एम.बी.ए पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 22 मई तक होंगी। एम.बी.ए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग दूसरे सेमेस्टर (बैक पेपर) की परीक्षा 22 मई को होगी।

बीएजेएमसी परीक्षा केंद्रों की सूची जारी : लवि ने बी.ए.जे.एम.सी सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है। यह परीक्षाएं छह केंद्रों पर होंगी। इनमें कालीचरण पीजी कालेज, रजत पीजी कालेज कमता पंचवटी चिनहट, गोयल इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज, माडर्न कालेज आफ एजुकेशन बिजनौर, नेता जी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय और लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय, गोसाईगंज शामिल हैं।

बीकाम आनर्स की परीक्षाएं भी 22 से : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.काम आनर्स सम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी भी जारी कर दी गई। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की 27 मई से 13 जून और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 मई से 18 जून तक होंगी।

हाथ से लिखा माइनर प्रोजेक्ट भी जमा होगा

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक छठे सेमेस्टर (एनईपी) के छात्र-छात्राओं को माइनर प्रोजेक्ट में थोड़ी राहत दे दी है। अब मानइर प्रोजेक्ट मुद्रित के साथ-साथ हास्थ से लिखा हुआ भी जमा किया जा सकेगा।

लवि ने बीते 16 अप्रैल को निर्देश जारी किए थे कि छठे सेमेस्टर एनईपी के प्रत्येक विद्यार्थी को माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट अनिवार्य रूप से मेजर-1 विषय में तैयार करनी है। अभी तक सिर्फ मुद्रित करके देना था। अब यह प्रोजेक्ट मुद्रित एवं हस्तलिखित दोनों प्रारूप में स्वीकार किया जाएगा। साथ ही यह कृति देव 16 फांट पर वन इंज मार्जिन (चारों तरफ) के साथ तैयार कर सकते हैं।

अंशिका मिस फेयरवेल व ईशा मिस ब्यूटीफुल

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम ‘आह्लादिनी’ में प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं के साथ प्रवोस्ट डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, कुलपति प्रो. आलोक राय, प्रो. संगीता राय, डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. मोनेन्द्र अग्निहोत्री, डॉ. शालिनी पाठक, डॉ. अनन्या कुमारी, असिस्टेंट प्रोवोस्ट डॉ. अनुराधा अग्निहोत्री, डॉ. रमाकान्त अग्निहोत्री, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. अनुराग